भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या658**

दिनांक 29.04.2015/09 वैशाख, 1937 (शक) को उत्तर के लिए

**गुजरात में जेटी के निर्माण के लिए धनराशि**

**658 श्री मनसुख एल. मांडवियाः**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात सरका को 5 जेटी के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रादन की जा चुकी है और प्रत्येक जेटी के लिए 50 लाख रूपये की एकमुश्त रकम स्वीकृत की गई है;
(ख) क्या यह भी सच है कि एक जेटी के लिए 50 लाख रूपए की रकम अपर्याप्त है तथा इसमें उपयुक्त तरीके से संशोधित किए जाने की आवश्यकता है;
(ग) क्या विशेषज्ञ की राय के अनुसार एक टिकाऊ जेटी की लागत लगभग 5 करोड़ रुपये होगी;
(घ) यदि हां, तो क्या सरकार जेटी की संख्या में वृद्धि करने और प्रत्येक जेटी के लिए 5 करोड़ रूपये की रकम जारी करने का विचार रखती है; और
(ड़) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?
**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री किरेन रिजिजू)**

**(क) : जी, हां।**

**(ख) से (ड़) : जेटी का निर्माण तटीय सुरक्षा योजना के चरम-II के अधीन आने वाले घटकों में से एक है, जिसे सुभेद्यता/अंतर के विश्लेषण के पश्चात और सभी तटवर्ती राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ परामर्श के बाद अंतिम रूप दिया गया है। जेटी की संख्या  और उनके निर्माण की लागत सहित प्रत्येक घटक को योजना की शुरूआत में ही तय कर के नियत कर दिया जाता है।**

******